# *UPPCS Prelims 2025 Test 13 (Questions) – Full Length Test 3 (SSW - 8077834630)*

**प्रश्न 1.** किस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के वाणिज्यिक कार्यों को समाप्त किया?
(a) चार्टर एक्ट, 1833
(b) चार्टर एक्ट, 1813
(c) भारत शासन अधिनियम, 1858
(d) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

**प्रश्न 2.** संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' (Objective Resolution) किसने प्रस्तुत किया?
(a) डॉ. भीमराव अंबेडकर
(b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**प्रश्न 3.** राज्य के नीति निदेशक तत्व (Directive Principles of State Policy) किस भाग में वर्णित हैं?
(a) भाग II
(b) भाग III
(c) भाग IV
(d) भाग IVA

**प्रश्न 4.** अनुच्छेद 243-ZH से 243-ZT का संबंध किससे है?
(a) नगरीय स्थानीय निकाय
(b) पंचायती राज संस्थाएं
(c) सहकारी समितियां
(d) अनुसूचित जनजातियां

**प्रश्न 5.** "हम, भारत के लोग" (We, the people of India) किस सिद्धांत को दर्शाता है?
(a) न्यायिक सर्वोच्चता
(b) संसदीय सर्वोच्चता
(c) जनसत्ता (Popular Sovereignty)
(d) कार्यपालिका की प्रधानता

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही रूप से मेल नहीं खाता है?
(a) 35वाँ संशोधन – सिक्किम को सहयोगी राज्य बनाया गया
(b) 36वाँ संशोधन – सिक्किम को पूर्ण राज्य बनाया गया
(c) 7वाँ संशोधन – राज्यों का पुनर्गठन अधिनियम
(d) 44वाँ संशोधन – गोवा को राज्य बनाया गया

**प्रश्न 7.** मौलिक अधिकार और उनके अनुच्छेदों की जोड़ी पर विचार कीजिए –

1. गिरफ्तारी और निरोध के विरुद्ध संरक्षण – अनुच्छेद 22
2. उपाधियों का उन्मूलन – अनुच्छेद 18
3. सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार – अनुच्छेद 26
4. विधि के समक्ष समानता – अनुच्छेद 14

उपरोक्त में से कितने सही मेल खाते हैं?
(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित में से कौन-से अधिकार भारत में नागरिकों और विदेशियों दोनों को उपलब्ध हैं?
(a) अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 15
(b) अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21
(d) अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 19

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. नीति निदेशक तत्व अनुच्छेद 32 के अंतर्गत न्यायालयों द्वारा लागू किए जा सकते हैं।
2. नीति निदेशक तत्व कल्याणकारी राज्य की स्थापना का लक्ष्य रखते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 10.** सूची-I को सूची-II से मिलाएँ –

| **सूची-I (कर्तव्य)** | **सूची-II (अनुच्छेद 51A की उपधारा)** |
|---|---|
| A. वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना | 1. उपधारा (h) |
| B. बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना | 2. उपधारा (k) |
| C. सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना | 3. उपधारा (i) |
| D. राष्ट्र की रक्षा करना | 4. उपधारा (d) |

**कोड:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 1 3 4

Self Study Wala 8077834630

(c) 1 3 2 4
(d) 3 2 1 4

**प्रश्न 11.** भारत में वास्तविक कार्यपालिका (Executive) की शक्ति किसके पास निहित है?
(a) राष्ट्रपति
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(c) प्रधानमंत्री
(d) मंत्रिपरिषद

**प्रश्न 12.** राष्ट्रपति के योग्यताओं (Qualifications) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. उम्मीदवार राज्यसभा के चुनाव के लिए योग्य होना चाहिए।
2. उम्मीदवार की आयु 35 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 13.** किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति, यदि दुर्भावनापूर्ण (mala fide) तरीके से प्रयोग की गई हो, तो न्यायिक समीक्षा के अधीन होगी?
(a) डी.सी. वाधवा मामला
(b) मारू राम मामला
(c) मिनर्वा मिल्स मामला
(d) आर.सी. कूपर मामला

**प्रश्न 14.** यदि उपराष्ट्रपति का पद इस्तीफा या मृत्यु के कारण रिक्त हो जाए, तो क्या होता है?
(a) राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति के कार्यभार को संभालते हैं
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश यह कार्य करते हैं
(c) पद रिक्त रहता है, जब तक चुनाव न हो जाए
(d) राज्यसभा के उपसभापति स्थायी रूप से कार्यभार संभालते हैं

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित में से कौन-सी राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियाँ (Discretionary Powers) हैं?

1. किसी विधेयक को राष्ट्रपति के लिए आरक्षित करना
2. त्रिशंकु विधानसभा (Hung Assembly) में मुख्यमंत्री नियुक्त करना
3. बहुमत खो चुकी मंत्रिपरिषद को बर्खास्त करना

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 16.** महाधिवक्ता (Advocate General) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार करें –

1. उन्हें राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है।
2. उन्हें राज्य के किसी भी न्यायालय में पेश होने का अधिकार है।

सही उत्तर चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 17.** लोकसभा में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व (Territorial Representation) को आनुपातिक प्रतिनिधित्व (Proportional Representation) की अपेक्षा प्राथमिकता देने का कौन-सा कारण सही नहीं है?
(a) मतदाता और प्रतिनिधि के बीच सीधा संबंध स्थापित करना
(b) मतदाताओं के लिए समझना आसान होना
(c) स्थिर बहुमत वाली सरकार बनाना
(d) अल्पसंख्यकों को उचित प्रतिनिधित्व देना

**प्रश्न 18.** शून्य काल (Zero Hour) के संबंध में सही कथन है –
(a) यह नियम पुस्तिका (Rule Book) का हिस्सा है।
(b) यह दो घंटे तक चलता है।
(c) यह प्रश्नकाल के तुरंत बाद शुरू होता है।
(d) यह ब्रिटिश संसद की परंपरा है।

**प्रश्न 19.** नैतिकता समिति (Ethics Committee) के संबंध में सही कथन है –
(a) यह केवल मंत्रियों के दुराचार को देखती है।
(b) यह केवल लोकसभा में होती है।
(c) यह सांसदों में आचार संहिता लागू करती है।
(d) यह चुनाव आयोग के अधीन कार्य करती है।

**प्रश्न 20.** सामान्य परिस्थितियों में किसी राज्य की विधान सभा की न्यूनतम सदस्य संख्या कितनी होती है?
(a) 50
(b) 60
(c) 30
(d) 45

**प्रश्न 21.** निम्नलिखित न्यायिक मामलों को कालानुक्रमिक क्रम (Chronological Order) में व्यवस्थित करें –

1. केशवानंद भारती मामला
2. ए.के. गोपालन मामला
3. गोलकनाथ मामला
4. मिनर्वा मिल्स मामला

Self Study Wala 8077834630

**कोड:**
(a) 1-2-4-3
(b) 3-2-1-4
(c) 2-3-1-4
(d) 4-1-3-2

**प्रश्न 22.** किसने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) को "भारतीय संविधान के अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी" कहा था?
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ. भीमराव अंबेडकर
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) सी. राजगोपालाचारी

**प्रश्न 23.** उत्तर प्रदेश में नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव कैसे होता है?
(a) अप्रत्यक्ष चुनाव
(b) राज्यपाल द्वारा नामांकन
(c) मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव
(d) नगर आयुक्त द्वारा चयन

**प्रश्न 24.** GST परिषद में केंद्र का मतदान भार (Voting Weight) कितना है?
(a) 50%
(b) 25%
(c) 33.33%
(d) 66.66%

**प्रश्न 25.** संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संघ की राजभाषा के रूप में देवनागरी लिपि में हिंदी को घोषित करता है?
(a) अनुच्छेद 344
(b) अनुच्छेद 348
(c) अनुच्छेद 343
(d) अनुच्छेद 351

**प्रश्न 26.** उत्तर प्रदेश के वर्ष 2025–26 के बजट का कुल प्रावधान (Total Budget Outlay) कितना है?
(a) ₹7.36 लाख करोड़
(b) ₹8.08 लाख करोड़
(c) ₹7.89 लाख करोड़
(d) ₹9.12 लाख करोड़

**प्रश्न 27.** उत्तर प्रदेश बजट 2025–26 के आधार पर विभाग एवं उनके आवंटन का सही मिलान करें –

A. शिक्षा – 1. ₹1,06,361 करोड़
B. ऊर्जा – 2. ₹61,071 करोड़
C. स्वास्थ्य – 3. ₹50,550 करोड़
D. पुलिस – 4. ₹40,869 करोड़

**कोड:**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-3, B-4, C-2, D-1
(d) A-4, B-3, C-1, D-2

**प्रश्न 28.** अनुसूचित जाति (SC) की जनसंख्या के मामले में उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय स्थान क्या है?
(a) पहला
(b) दूसरा
(c) तीसरा
(d) चौथा

**प्रश्न 29.** वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के संबंध में –

1. यूपी राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर है।
2. राज्य से 26 यूनिकॉर्न स्टार्टअप उत्पन्न हुए हैं।
3. 49 जिलों में स्टार्टअप मौजूद हैं।

सही कथन चुनें –
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 30.** उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र की थारू जनजाति द्वारा प्रस्तुत एक जनजातीय नृत्य शैली कौन-सी है?
(a) झोड़ा
(b) होरी
(c) करमा
(d) सजान

**प्रश्न 31.** सही कथन चुनें –
(a) पारितंत्र (Ecosystem) पारिस्थितिकी की संरचनात्मक इकाई है।
(b) जीवमंडल (Biosphere) पारिस्थितिकी की सबसे छोटी इकाई है।
(c) पारिस्थितिकी केवल जैविक अवयवों का अध्ययन करती है।
(d) अपघटक (Decomposers) प्राथमिक उत्पादक होते हैं।

**प्रश्न 32.** 1927 में पारिस्थितिक पिरामिड (Ecological Pyramids) की अवधारणा किसने दी?
(a) जी. इवलिन हचिन्सन
(b) यूजीन ओडम
(c) चार्ल्स एल्टन
(d) ए.जी. टैन्सले

**प्रश्न 33.** पारिस्थितिक पदचिह्न (Ecological Footprint) की माप किसमें की जाती है?
(a) कार्बन टन
(b) वर्ग किलोमीटर

Self Study Wala 8077834630

(c) वैश्विक हेक्टेयर (Global Hectares)
(d) ग्रीन यूनिट्स

**प्रश्न 34.** सूची-I (ग्रीनहाउस गैस) और सूची-II (100 वर्षों में वैश्विक ताप क्षमता – GWP) का सही मिलान करें –

A. मीथेन ($CH_4$) – 1. 21
B. नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) – 2. 310
C. HFC-23 – 3. 12000
D. कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) – 4. 1

**कोड:**

A B C D

(a) 1 2 3 4

(b) 4 3 2 1

(c) 2 1 4 3

(d) 1 4 2 3

**प्रश्न 35.** उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट (Emission Gap Report), जो वास्तविक उत्सर्जन और जलवायु लक्ष्यों के बीच के अंतर को दर्शाती है, किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है?
(a) IPCC
(b) UNEP
(c) जर्मनवॉच
(d) WMO

**प्रश्न 36.** निम्नलिखित में से कौन-से कार्बन स्रोत (Carbon Sources) हैं?

1. वनों की कटाई (Deforestation)
2. ज्वालामुखी (Volcanoes)
3. महासागर अम्लीकरण (Ocean Acidification)
4. मृदा अपरदन (Soil Erosion)

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 37.** सही कथन चुनें –

1. सह-विलुप्ति (Co-extinction) जैव विविधता ह्रास का एक प्रमुख कारण है।
2. अत्यधिक दोहन (Overexploitation) ने कई समुद्री प्रजातियों को विलुप्त कर दिया है।

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 38.** निम्नलिखित में से कौन-सा IUCN द्वारा प्रयुक्त रेड लिस्ट मूल्यांकन मानदंड (Red List Criteria) नहीं है?
(a) समय के साथ जनसंख्या में कमी
(b) छोटा भौगोलिक क्षेत्र
(c) कई महाद्वीपों में उपस्थिति
(d) मात्रात्मक विलुप्ति जोखिम विश्लेषण

**प्रश्न 39.** भारत का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?
(a) साइलेंट वैली
(b) केइबुल लामजाओ
(c) काज़ीरंगा
(d) फूलों की घाटी

**प्रश्न 40.** निम्नलिखित में से सही कथन चुनें –
(a) IUCN श्रेणी II जैवमंडल रिजर्व के लिए होती है।
(b) राष्ट्रीय उद्यान IUCN श्रेणी II में आते हैं।
(c) वन्यजीव अभयारण्य IUCN श्रेणी I में आते हैं।
(d) सामुदायिक अभयारण्य (Community Reserves) विश्व धरोहर स्थलों का हिस्सा होते हैं।

**प्रश्न 41.** जनगणना 2011 के अनुसार, किस राज्य की साक्षरता दर सर्वाधिक थी?
(a) गोवा
(b) केरल
(c) मिज़ोरम
(d) हिमाचल प्रदेश

**प्रश्न 42.** उच्च GDP वृद्धि दर के साथ रोजगार स्थिर रहने का क्या अर्थ है?
(a) आर्थिक मंदी
(b) छुपा हुआ बेरोज़गारी (Disguised Unemployment)
(c) संरचनात्मक परिवर्तन
(d) रोजगारविहीन वृद्धि (Jobless Growth)

**प्रश्न 43.** IMF (2024) के अनुसार, नाममात्र GDP में भारत का स्थान क्या है?
(a) छठा
(b) पाँचवां
(c) तीसरा
(d) सातवां

**प्रश्न 44.** भारत में GST परिषद के संबंध में सही कथन है –
(a) प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं
(b) केंद्र और राज्यों की मतदान शक्ति समान होती है
(c) यह GST की दरें और नीतियां तय करती है
(d) यह नीति आयोग के अंतर्गत कार्य करती है

**प्रश्न 45.** गरीबी निर्धारण हेतु गठित समितियों को गठन के क्रम में व्यवस्थित करें –

Self Study Wala 8077834630

1. सुरेश तेंदुलकर समिति
2. अलाघ समिति
3. रंगराजन समिति
4. लकड़ावाला समिति

**कोड:**
(a) 2, 4, 1, 3
(b) 4, 2, 1, 3
(c) 2, 1, 4, 3
(d) 1, 2, 3, 4

**प्रश्न 46.** कथन (A): RBI भारत में सभी मूल्यवर्ग के मुद्रा नोट जारी करता है।
कारण (R): RBI को ₹1 के नोट और सभी सिक्के जारी करने का अधिकार है।

कोड –
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A सही है, R गलत है।
(c) A गलत है, R सही है।
(d) A और R दोनों गलत हैं।

**प्रश्न 47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. सभी डाकघर बचत (Post Office Savings) M3 में शामिल होती हैं।
2. e-RUPI, RBI द्वारा जारी किया गया है और यह ब्लॉकचेन आधारित है।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 48.** कथन (A): कोर महंगाई (Core Inflation) में खाद्य और ईंधन घटकों को शामिल नहीं किया जाता।
कारण (R): खाद्य और ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होता है, जिससे स्थिर महंगाई मापना कठिन होता है।

कोड –
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 49.** वर्ष 2024 तक DICGC के तहत अधिकतम बीमित जमा राशि कितनी है?
(a) ₹50,000
(b) ₹1 लाख
(c) ₹5 लाख
(d) ₹10 लाख

**प्रश्न 50.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने तीव्र औद्योगीकरण पर बल दिया।
2. यह पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 51.** सोलहवें वित्त आयोग का औपचारिक गठन कब किया गया था?
(a) 1 जनवरी 2024
(b) 21 नवम्बर 2022
(c) 31 दिसम्बर 2023
(d) 31 अक्टूबर 2025

**प्रश्न 52.** भारतीय उपमहाद्वीप में कृषि का सबसे प्राचीन प्रमाण कहाँ से प्राप्त हुआ है?
(a) मेहरगढ़
(b) कोलढीवा
(c) लहुरादेवा
(d) बुरज़ाहोम

**प्रश्न 53.** कथन (A): भारत में पाषाण युग के मानवों को "क्वार्टजाइट मानव" कहा जाता है।
कारण (R): उन्होंने क्वार्टजाइट नामक कठोर पत्थर से बने औजारों का उपयोग किया।

कोड –
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 54.** भारत में मिट्टी के बर्तनों (Pottery) का सबसे प्राचीन प्रमाण कहाँ से मिला है?
(a) कोलढीवा
(b) चोपनी मांडो
(c) लहुरादेवा
(d) भीमबेटका

**प्रश्न 55.** प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा "नाचती हुई लड़की" (Dancing Girl) कहाँ से प्राप्त हुई थी?
(a) लोथल
(b) हड़प्पा
(c) मोहनजोदाड़ो
(d) बनावली

**प्रश्न 56.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –



Self Study Wala 8077834630

1. एनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं।
2. सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष थीं।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 57.** 1793 में बंगाल का स्थायी बंदोबस्त (Permanent Settlement) किस गवर्नर-जनरल ने लागू किया?
(a) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(b) वॉरेन हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(d) लॉर्ड डलहौजी

**प्रश्न 58.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही रूप से मेल नहीं खाता है?
(a) उदन्त मार्तण्ड – पं. जुगल किशोर शुक्ल
(b) मिरात-उल-अख़बार – राजा राममोहन राय
(c) वॉइस ऑफ इंडिया – बाल गंगाधर तिलक
(d) द बंगाली – सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

**प्रश्न 59.** सूची-I को सूची-II से मिलाएँ –

| **सूची-I (संस्थान)** | **सूची-II (संस्थापक)** |
|---|---|
| A. हिंदू कॉलेज (1817) | 2. राजा राममोहन राय |
| B. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय | 1. मदन मोहन मालवीय |
| C. बेथ्यून स्कूल | 3. जे.ई.डी. बेथ्यून |
| D. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | 4. सर सैयद अहमद ख़ान |

**कोड:** A–2, B–1, C–3, D–4

(a) 1 2 3 4
(b) 2 3 1 4
(c) 2 1 3 4
(d) 4 2 3 1

**प्रश्न 60.** "होम चार्जेज़" का सही अर्थ है –
(a) भारतीय व्यापारियों द्वारा ब्रिटेन को भेजी जाने वाली धनराशि
(b) इंग्लैंड में ब्रिटिश प्रशासनिक और सैन्य व्यय, जो भारत से चुकाए जाते थे
(c) भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क
(d) नहर सिंचाई हेतु भारत द्वारा किया गया भुगतान

**प्रश्न 61.** मरकेंटिलिस्ट चरण (1757–1813) के संबंध में सही कथन चुनें –

1. ब्रिटिश निर्मित वस्तुओं का भारत में आयात बढ़ गया।
2. कंपनी के राजस्व का उपयोग निर्यात वित्तपोषण के लिए किया गया।

कोड –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 62.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. 1929 के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की।
2. इस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज को अंतिम लक्ष्य घोषित किया गया।
3. कांग्रेस ने गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने का निर्णय लिया।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 63.** गलत कथन चुनें –
(a) कराची अधिवेशन में मौलिक अधिकारों और आर्थिक कार्यक्रम पर प्रस्ताव पारित किए गए।
(b) गांधी-इरविन समझौते में पुलिस अत्याचारों की जांच का प्रावधान था।
(c) भगत सिंह को कराची अधिवेशन से पहले फांसी दी गई।
(d) सुभाष बोस ने कराची अधिवेशन को गांधीजी की लोकप्रियता का चरम बताया।

**प्रश्न 64.** सही कथन चुनें –
(a) गांधीजी ने बिना शर्त मित्र राष्ट्रों का समर्थन किया।
(b) नेहरू मानते थे कि युद्ध पूर्णतः साम्राज्यवादी है।
(c) सुभाष बोस द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करना चाहते थे।
(d) सभी नेताओं ने मित्र राष्ट्रों के समर्थन का विरोध किया।

**प्रश्न 65.** निम्न घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें –

1. काकोरी षड्यंत्र
2. अलीपुर बम कांड
3. दिल्ली-लाहौर षड्यंत्र
4. चिटगाँव शस्त्रागार कांड

Self Study Wala 8077834630

(a) 1-2-3-4
(b) 2-3-1-4
(c) 2-1-3-4
(d) 3-2-1-4

**प्रश्न 66.** निम्न नेताओं पर विचार करें –

1. गोपाल कृष्ण गोखले
2. दादाभाई नौरोजी
3. लाला लाजपत राय
4. दिनशॉ वाचा

इनमें से कौन मध्यमपंथी (Moderates) थे?
(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 3 और 4

**प्रश्न 67.** निम्नलिखित में से कौन 1857 के विद्रोह का कारण नहीं था?
(a) विलय सिद्धांत (Doctrine of Lapse) का लागू होना
(b) ग्रीस लगे कारतूस
(c) स्थायी बंदोबस्त के विरुद्ध कृषक विरोध
(d) सामान्य सेवा नामांकन अधिनियम (General Service Enlistment Act)

**प्रश्न 68.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. पैका विद्रोह 1857 के विद्रोह से पहले हुआ था।
2. इसके नेता बख्शी जगबन्धु थे।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 69.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. इजारा प्रणाली (Ijara System) का प्रारंभ जहांदार शाह ने किया।
2. बंदा बहादुर को फर्रुख़सियर के शासनकाल में मृत्युदंड दिया गया।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 70.** कथन (A): नादिर शाह ने 1739 में दिल्ली को लूटा।
कारण (R): मुहम्मद शाह रंगीला ने नादिर शाह के दूत का अपमान किया और अफ़गान विद्रोहियों को शरण दी।
कोड –
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 71.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(a) चौसा का युद्ध – 1539
(b) खानवा का युद्ध – 1527
(c) चंदेरी का युद्ध – 1530
(d) घाघरा का युद्ध – 1529

**प्रश्न 72.** किस मुगल शासक ने 52 उपनिषदों का फारसी में अनुवाद 'सिर्र-ए-अकबर' शीर्षक से किया?
(a) दारा शिकोह
(b) शाहजहां
(c) औरंगजेब
(d) अबुल फ़ज़ल

**प्रश्न 73.** सही कथन चुनें –
(a) महमूद गजनवी ने बंगाल पर अधिकार किया।
(b) मुहम्मद गौरी ने लखनौती से शासन किया।
(c) अल-बिरूनी ने "तहकीक-ए-हिंद" लिखी।
(d) फ़िरदौसी कुतुबुद्दीन ऐबक के दरबारी कवि थे।

**प्रश्न 74.** मगध के निम्न शासकों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें –

1. बिंबिसार
2. कालाशोक
3. महापद्म नंद
4. अजातशत्रु

**कोड:**
(a) 1, 2, 3, 4
(b) 1, 4, 2, 3
(c) 2, 1, 4, 3
(d) 1, 3, 4, 2

**प्रश्न 75.** सही कथन चुनें –
(a) बौद्ध धर्म आत्मा में विश्वास करता है।
(b) महावंश एक जैन ग्रंथ है।
(c) बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु में हुआ था।
(d) त्रिपिटक बौद्ध धर्म का पाली कैनन है।

**प्रश्न 76.** तीर्थंकरों को उनके प्रतीकों से मिलाएँ –

| सूची-I – तीर्थंकर | सूची-II – प्रतीक |
|---|---|
| A. महावीर | 3. सिंह |
| B. ऋषभनाथ | 1. बैल |

| | |
|---|---|
| C. पार्श्वनाथ | 2. सर्प |
| D. नेमिनाथ | 4. शंख |

**कोड:**
A B C D
(a) 3 1 2 4
(b) 1 3 2 4
(c) 2 3 1 4
(d) 4 2 3 1

**प्रश्न 77.** सभा और समिति के संबंध में विचार करें –

1. सभा बुजुर्गों की परिषद थी।
2. समिति सामान्य जनसभा का प्रतिनिधित्व करती थी।
3. विधाथा एक जनजातीय धार्मिक सभा थी।
4. प्रारंभिक वैदिक युग में महिलाएँ विधाथा और सभा में भाग लेती थीं।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**प्रश्न 78.** मौर्यकालीन व्यक्तित्वों को उनके यूनानी नामों से मिलाएँ –

| **भारतीय नाम** | **यूनानी नाम** |
|---|---|
| A. चंद्रगुप्त | 1. सैंड्रोकोटस |
| B. बिंदुसार | 2. अमित्रोचेट्स |
| C. अशोक | 3. प्रियदर्शी |
| D. चाणक्य | 4. विष्णुगुप्त |

**कोड:**
A B C D
(a) 1 3 4 2
(b) 2 3 1 4
(c) 1 2 3 4
(d) 3 1 2 4

**प्रश्न 79.** हूणों को पराजित करने वाला गुप्त शासक कौन था?
(a) कुमारगुप्त प्रथम
(b) चंद्रगुप्त प्रथम
(c) स्कन्दगुप्त
(d) रामगुप्त

**प्रश्न 80.** हेलियोडोरस स्तंभ के संबंध में –

1. यह एक यूनानी राजदूत द्वारा स्थापित किया गया था।
2. यह भगवान शिव को समर्पित है।
3. यह भागभद्र के शासनकाल में स्थापित हुआ।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 81.** सही युग्म पहचानें –
(a) छिपकली – उत्पादक
(b) फाइटोप्लांकटन – द्वितीयक उपभोक्ता
(c) सायनोबैक्टीरिया – स्वपोषी
(d) कवक – प्राथमिक उपभोक्ता

**प्रश्न 82.** चिपको आंदोलन किससे संबंधित है?
(a) मृदा संरक्षण
(b) वन संरक्षण
(c) वन्यजीव संरक्षण
(d) नदी की सफाई

**प्रश्न 83.** निम्न में से कौन-सी भारतीय नदी प्रदूषण से सर्वाधिक प्रभावित है?
(a) यमुना
(b) गोदावरी
(c) नर्मदा
(d) तापी

**प्रश्न 84.** 'पारिस्थितिक पदचिह्न' (Ecological Footprint) का अर्थ है –
(a) किसी क्षेत्र में प्रजातियों की संख्या
(b) पौधों द्वारा अवशोषित $CO_2$ की मात्रा
(c) पृथ्वी के संसाधनों पर मानव का प्रभाव
(d) किसी देश का वन क्षेत्रफल

**प्रश्न 85.** निम्न में से कौन-से मानव-जनित (Anthropogenic) ग्रीनहाउस गैस स्रोत हैं?

1. सीमेंट उत्पादन
2. धान की खेती
3. महासागरीय परिसंचरण

**सही कोड चुनें:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपरोक्त सभी



Self Study Wala 8077834630

**प्रश्न 86.** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (NAPCC) किस वर्ष शुरू की गई थी?
(a) 2005
(b) 2008
(c) 2010
(d) 2015

**प्रश्न 87.** "ब्लू कार्बन" का सही अर्थ क्या है?
(a) क्षोभमंडल (Troposphere) में पाया जाने वाला कार्बन
(b) समुद्री और तटीय पारिस्थितिक तंत्र द्वारा अवशोषित कार्बन
(c) गहरे समुद्र में खनन से प्राप्त कार्बन
(d) औद्योगिक अपशिष्ट जल में कार्बन

**प्रश्न 88.** निम्न में से कौन-सा **एक्स-सीटू संरक्षण** (Ex-situ Conservation) का उदाहरण है?
(a) बायोस्फीयर रिज़र्व
(b) पवित्र उपवन (Sacred Grove)
(c) प्राणि उद्यान (Zoological Park)
(d) राष्ट्रीय उद्यान

**प्रश्न 89.** भारत का मानक मध्याह्न (Standard Meridian) कौन-सा है?
(a) 84° E
(b) 82°30′ W
(c) 80°30′ E
(d) 82°30′ E

**प्रश्न 90.** निम्न में से किन राज्यों की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं कम से कम 2 देशों से लगती हैं?

1. सिक्किम
2. पश्चिम बंगाल
3. अरुणाचल प्रदेश
4. लद्दाख

**कोड:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**प्रश्न 91.** निम्नलिखित जनजातीय विद्रोहों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें –
I. संथाल विद्रोह
II. मुंडा उलगुलान
III. कोल विद्रोह

**कोड:**
(a) I, II, III
(b) III, I, II
(c) II, I, III
(d) I, III, II

**प्रश्न 92.** ज़ांस्कर श्रेणी में कौन-सा दर्रा स्थित है?
(a) रोहतांग दर्रा
(b) बनिहाल दर्रा
(c) फोतु ला
(d) खारदुंग ला

**प्रश्न 93.** दर्रे को राज्य से मिलाएँ –

A. शिपकी ला | 2. हिमाचल प्रदेश
B. लिपुलेख | 1. उत्तराखंड
C. बोंगड़ी ला | 3. अरुणाचल प्रदेश
D. माना | 4. उत्तराखंड

**कोड:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 4 3 1
(c) 2 1 3 4
(d) 4 3 2 1

**प्रश्न 94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. ब्रह्मपुत्र नदी भारत में अरुणाचल प्रदेश से प्रवेश करती है।
2. तिब्बत में इसे त्सांगपो कहा जाता है।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 95.** विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा किस नदी द्वारा बनता है?
(a) गंगा
(b) ब्रह्मपुत्र
(c) गंगा-ब्रह्मपुत्र
(d) सिंधु

**प्रश्न 96.** निम्नलिखित में से किस मिट्टी में सर्वाधिक ह्यूमस पाया जाता है?
(a) मरुस्थलीय मिट्टी
(b) लाल मिट्टी
(c) वन मिट्टी
(d) लेटराइट मिट्टी

**प्रश्न 97.**

1. उत्तर-पूर्व मानसून तमिलनाडु में वर्षा लाता है।
2. पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी भारत में शीतकालीन वर्षा का कारण है।



Self Study Wala 8077834630

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 98.**

1. भारत विश्व का सबसे बड़ा अभ्रक (Mica) उत्पादक है।
2. अभ्रक के अधिकांश भंडार झारखंड और आंध्र प्रदेश में हैं।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 99.** गिरनार पर्वत किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?
(a) लौह अयस्क
(b) बॉक्साइट
(c) अभ्रक
(d) तांबा

**प्रश्न 100.**

1. ग्रेट बैरियर रीफ, केप यॉर्क प्रायद्वीप के तट के पास स्थित है।
2. टॉरेस जलडमरूमध्य ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बीच स्थित है।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 101.**
कथन (A): चंद्र ग्रहण केवल पूर्णिमा के दिन होता है।
कारण (R): चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है।

**कोड:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 102.**

1. सवाना क्षेत्र में गीले और शुष्क ऋतु स्पष्ट रूप से अलग होती हैं।
2. शंकुधारी वन (Coniferous Forests) उष्णकटिबंधीय मानसूनी क्षेत्रों के विशिष्ट वन हैं।

**सही विकल्प चुनें:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 103.** सूची-I (ज्वालामुखी प्रकार) और सूची-II (विशेषताएँ) का मिलान करें –

A. शील्ड ज्वालामुखी | 1. अत्यंत तरल लावा
B. मिश्रित ज्वालामुखी | 2. लावा और राख की परतें
C. कैल्डेरा | 3. विस्फोट से बनी बड़ी अवसाद भूमि
D. सिंडर कोन | 4. विस्फोटक, ज्वालाखंड सामग्री से निर्मित |

**कोड:**

A B C D

(a) 1 2 3 4

(b) 4 3 2 1

(c) 2 1 4 3

(d) 1 4 3 2

**प्रश्न 104.** निम्न में से कौन नदी अपरदन स्थलाकृति है?
(a) डेल्टा
(b) बाढ़मैदान
(c) गर्ज (Gorge)
(d) मियंडर

**प्रश्न 105.**

1. वेस्टरलीज (पश्चिमी पवनें) 30° से 60° अक्षांशों के बीच पाई जाती हैं।
2. दक्षिणी गोलार्ध में ये अधिक प्रबल और नियमित होती हैं।

**सही विकल्प चुनें:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 106.**

1. भारत के CIRUS रिएक्टर में प्राकृतिक यूरेनियम का उपयोग हुआ।
2. CIRUS रिएक्टर रूस के सहयोग से बनाया गया।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 107.**

1. आदित्य-L1 भारत का पहला सौर वेधशाला मिशन है।
2. यह लग्रांज बिंदु L2 पर स्थित है।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 108.**
शाखा – विवरण
(a) टेराटोलॉजी – जन्मजात विकृतियों का अध्ययन
(b) एथोलॉजी – विकास का अध्ययन
(c) ऑन्कोलॉजी – कैंसर का अध्ययन
(d) हिस्टोलॉजी – ऊतकों की सूक्ष्म संरचना का अध्ययन

**प्रश्न 109.** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकांग "कोशिका का पावरहाउस" कहलाता है?
(a) लाइसोसोम
(b) राइबोसोम
(c) माइटोकॉन्ड्रिया
(d) नाभिक

**प्रश्न 110.** कौन-सी ग्रंथि इंसुलिन और पाचक एंजाइम दोनों का स्रवण करती है?
(a) यकृत (Liver)
(b) अग्न्याशय (Pancreas)
(c) पित्ताशय (Gallbladder)
(d) पैरोटिड ग्रंथि

**प्रश्न 111.** रक्त का कौन-सा घटक थक्का जमाने (Clotting) में मदद करता है?
(a) लाल रक्त कण (RBC)
(b) प्लेटलेट्स
(c) श्वेत रक्त कण (WBC)
(d) प्लाज्मा

**प्रश्न 112.** मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी कौन-सी है?
(a) फीमर (Femur)
(b) मैन्डिबल (Mandible)
(c) स्टेप्स (Stapes)
(d) पटेला (Patella)

**प्रश्न 113.** किस विटामिन की कमी से रतौंधी (Night Blindness) होती है?
(a) विटामिन B1
(b) विटामिन A
(c) विटामिन D
(d) विटामिन C

**प्रश्न 114.** विटामिन C के प्रमुख प्राकृतिक स्रोत हैं –
A. नींबू
B. अमरूद
C. मछली
D. आंवला

सही कोड चुनें –
(a) केवल A, B और C
(b) केवल A, B और D
(c) केवल A और D
(d) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 115.** घर्षण बल –
(a) गति की दिशा में कार्य करता है
(b) हमेशा गति का विरोध करता है
(c) गति के लंबवत कार्य करता है
(d) खुरदरी सतह पर शून्य होता है

**प्रश्न 116.** उपग्रह में भारहीनता के संबंध में सही कथन है –
(a) उपग्रह में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता
(b) अंतरिक्ष में द्रव्यमान शून्य हो जाता है
(c) वस्तुएं और उपग्रह दोनों समान त्वरण से गिरते हैं
(d) उपग्रह वस्तुओं को बाहर की ओर धकेलता है

**प्रश्न 117.**
कथन (A): आकाश मानव आंख को नीला दिखाई देता है।
कारण (R): वायुमंडल में नीली रोशनी का प्रकीर्णन अन्य रंगों की तुलना में अधिक होता है।

**कोड:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 118.**

1. वायुमंडलीय दाब बढ़ने पर पानी का क्वथनांक (Boiling Point) बढ़ता है।
2. माउंट एवरेस्ट पर पानी समुद्र तल की तुलना में अधिक तापमान पर उबलता है।

**सही विकल्प चुनें:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 119.**
कथन (A): बिजली चमकने के बाद गरज की आवाज सुनाई देती है।


SelfStudyWala 8077834630

कारण (R): प्रकाश की गति, ध्वनि की गति से अधिक होती है।

**कोड:**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 120.** सूची-I (गैस) और सूची-II (उपयोग) का सही मिलान करें –

A. ऑक्सीजन | 3. अस्पतालों में सांस लेने हेतु
B. नाइट्रोजन | 4. निष्क्रिय वातावरण बनाना
C. हीलियम | 1. बल्ब भरना
D. एसीटिलीन | 2. कटाई और वेल्डिंग |

**कोड:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**प्रश्न 121.**

1. सभी तत्वों के परमाणुओं में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है।
2. परमाणु क्रमांक (Atomic Number) परमाणु में प्रोटॉनों की संख्या को दर्शाता है।

सही विकल्प चुनें –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्रश्न 122.** पानी के विद्युत अपघटन (Electrolysis) से क्या प्राप्त होता है?
(a) हाइड्रोजन और क्लोरीन
(b) ऑक्सीजन और हाइड्रोजन
(c) ऑक्सीजन और क्लोरीन
(d) हाइड्रोजन और नाइट्रोजन

**प्रश्न 123.** मिश्रधातुओं (Alloys) के संबंध में सही कथन है –
(a) मिश्रधातु शुद्ध तत्व होते हैं
(b) मिश्रधातु रासायनिक यौगिक होते हैं
(c) मिश्रधातु धातुओं के सजातीय मिश्रण होते हैं
(d) मिश्रधातु पुनर्चक्रित नहीं किए जा सकते

**प्रश्न 124.** गोल्डन राइस को किस पोषक तत्व के उत्पादन हेतु आनुवंशिक रूप से संशोधित किया गया है?
(a) लोहा (Iron)
(b) विटामिन C
(c) बीटा-कैरोटीन
(d) फोलेट

**प्रश्न 125.**
कथन (A): HTTPS, HTTP की तुलना में अधिक सुरक्षित है।
कारण (R): HTTPS डेटा ट्रांसफर में एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है।

**कोड:**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 126.** वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज अपग्रेडेशन योजना (PMFME) के क्रियान्वयन में देश में प्रथम स्थान किस राज्य को मिला?
(a) बिहार
(b) उत्तर प्रदेश
(c) तेलंगाना
(d) महाराष्ट्र

**प्रश्न 127.** उत्तर प्रदेश की किस विश्वविद्यालय को हाल ही में गोबर से बायोप्लास्टिक बनाने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ?
(a) IIT कानपुर
(b) बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ
(c) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(d) डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

**प्रश्न 128.** उत्तर प्रदेश के मृत्यु दर संकेतकों (2024–25 रिपोर्ट) को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें –

1. अंडर-5 मृत्यु दर (U5MR)
2. शिशु मृत्यु दर (IMR)
3. नवजात मृत्यु दर (NMR)

**कोड:**

(a) 1–2–3
(b) 3–2–1
(c) 2–1–3
(d) 1–3–2

**प्रश्न 129.** वर्ष 2025 में ONGC द्वारा कच्चे तेल की खोज के लिए उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला चर्चा में रहा?
(a) गोरखपुर
(b) बलिया
(c) बरेली
(d) झांसी

**प्रश्न 130.** 15वीं पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप 2025 उत्तर प्रदेश के किस शहर में आयोजित होगी?
(a) लखनऊ
(b) वाराणसी
(c) झांसी
(d) मेरठ

**प्रश्न 131.** हाल ही में उद्घाटित रोहिन बैराज किस जनपद में स्थित है?
(a) गोरखपुर
(b) महराजगंज
(c) देवरिया
(d) बस्ती

**प्रश्न 132.** किस जनपद के "करोंदा" उत्पाद को हाल ही में जीआई टैग मिला?
(a) बरेली
(b) चिरगांव
(c) मथुरा
(d) बुंदेलखंड

**प्रश्न 133.** वाट फो मंदिर, जिसे अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने देखा, किस नदी के किनारे स्थित है?
(a) मेकोंग नदी
(b) चाओ फ्राया नदी
(c) इरावदी नदी
(d) मेनाम नदी

**प्रश्न 134.** महुआडांड़ वुल्फ अभयारण्य, जो भारतीय ग्रे वुल्फ का एकमात्र विशेष अभयारण्य है, कहाँ स्थित है?
(a) झारखंड
(b) मध्य प्रदेश
(c) छत्तीसगढ़
(d) राजस्थान

**प्रश्न 135.** हाल ही में चर्चा में रहा उतुरुंकु ज्वालामुखी किस पर्वत श्रृंखला में स्थित है?
(a) एंडीज
(b) रॉकीज
(c) हिमालय
(d) ऐल्प्स

**प्रश्न 136.** भूटान की "ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग" योजना मुख्य रूप से किस पर आधारित है?
(a) सौर ऊर्जा
(b) भू-तापीय ऊर्जा
(c) जलविद्युत
(d) बायोमास

**प्रश्न 137.** ओडिशा की रुशिकुल्या नदी मुहाने पर रेत का तापमान बढ़ने से ऑलिव रिडले कछुओं पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(a) नर बच्चों की संख्या बढ़ना
(b) मादा बच्चों की संख्या बढ़ना
(c) गर्मी से बच्चों की मृत्यु
(d) अंडे देने के मौसम में देरी

**प्रश्न 138.** पर्यावरण कानून में "कार्बन अधिकार" का सही अर्थ है –
(a) उद्योगों के कार्बन उत्सर्जन कोटा पर विशेष अधिकार
(b) पारिस्थितिक तंत्र में संचित कार्बन से लाभ प्राप्त करने का कानूनी अधिकार
(c) सरकारी नियंत्रण के बिना कार्बन व्यापार करने का अधिकार
(d) व्यक्तिगत यात्रा से अपने कार्बन फुटप्रिंट को ऑफसेट करने का अधिकार

**प्रश्न 139.** *तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल* मामले में, अनुच्छेद 201 के तहत राज्य विधेयक पर राष्ट्रपति के निर्णय की अधिकतम समय सीमा सुप्रीम कोर्ट ने क्या तय की?
(a) 1 माह
(b) 3 माह
(c) 6 माह
(d) कोई निश्चित सीमा नहीं

**प्रश्न 140.** रियो ग्रांडे नदी, अमेरिका और किस देश की सीमा का हिस्सा है?
(a) मेक्सिको
(b) कनाडा
(c) क्यूबा
(d) पनामा

**प्रश्न 141.** पीला सागर (Yellow Sea) मुख्य भूमि चीन और किसके बीच स्थित है?
(a) जापान
(b) फिलीपींस
(c) उत्तर एवं दक्षिण कोरिया
(d) ताइवान

**प्रश्न 142.** भारत और उज्बेकिस्तान के बीच अप्रैल 2025 में आयोजित DUSTLIK-VI अभ्यास का मुख्य फोकस था –
(a) पनडुब्बी रोधी युद्ध
(b) अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियान
(c) मानवीय सहायता एवं आपदा राहत
(d) वायु-से-वायु युद्ध

**प्रश्न 143.** भारत–अफ्रीका की पहली समुद्री अभ्यास AIKEYME 2025 भारत और किस देश द्वारा सह-मेजबानी की गई?
(a) केन्या
(b) तंजानिया

Self Study Wala 8077834630

(c) मॉरीशस
(d) दक्षिण अफ्रीका

**प्रश्न 144.** निम्न में से कौन BIMSTEC का सदस्य नहीं है?
(a) भूटान
(b) म्यांमार
(c) मालदीव
(d) नेपाल

**प्रश्न 145.** भारत का पहला एक्वा बीमा (Aqua Insurance) किस योजना के अंतर्गत शुरू किया गया?
(a) पीएम मत्स्य संपदा योजना
(b) पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना
(c) राष्ट्रीय मत्स्यिकी मिशन
(d) ब्लू रिवॉल्यूशन कार्यक्रम

**प्रश्न 146.** *QShield*, जिसे QNu Labs ने *World Quantum Day 2025* पर लॉन्च किया, का मुख्य उद्देश्य है –
(a) क्वांटम कंप्यूटिंग हार्डवेयर निर्माण
(b) क्वांटम-सेफ तकनीकों के उपयोग से एंड-टू-एंड क्रिप्टोग्राफी प्रबंधन
(c) क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन सत्यापन
(d) केवल क्वांटम सैटेलाइट संचार

**प्रश्न 147.** *कन्नडिप्पाया*, केरल का पहला जनजातीय हस्तशिल्प जिसे GI टैग मिला, मुख्य रूप से किससे बनाया जाता है?
(a) नारियल रेशा
(b) रीड बांस की आंतरिक परतें
(c) केले के तने का रेशा
(d) ताड़ के पत्ते

**प्रश्न 148.** *NITI Aayog's Fiscal Health Index 2025* में प्रथम स्थान किस राज्य को मिला?
(a) गोवा
(b) छत्तीसगढ़
(c) ओडिशा
(d) कर्नाटक

**प्रश्न 149.** भारत का पहला उपग्रह *आर्यभट्ट* किस वर्ष प्रक्षेपित किया गया था?
(a) 1971
(b) 1973
(c) 1975
(d) 1977

**प्रश्न 150.** *PM-PRANAM* योजना, जो 2023 में शुरू हुई, का उद्देश्य है –
(a) जैविक खेती को बढ़ावा देना
(b) रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी घटाना
(c) उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना
(d) किसानों में मोटे अनाज को बढ़ावा देना

Self Study Wala 8077834630